Press Release

---

विहिप के केंद्रीय महामंत्री श्री मिलिंद परांडे जी का प्रेस वक्तव्य

पुणे. फरवरी 21, 2020. | श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की पहली और महत्वपूर्ण बैठक 19 फरवरी 2020 को आयोजित की गई थी। ट्रस्टी और ट्रस्ट के पहले अध्यक्ष के रूप में पूजनीय श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज और महासचिव के रूप में माननीय श्री चम्पतराय जी एवं पूजनीय श्री गोविंद देव गिरि जी महाराज को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। विश्व हिन्दू परिषद(विहिप) इस पर प्रसन्नता व्यक्त करती है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण केवल उसी प्रारूप में किया जाना चाहिए जिसका उपयोग आंदोलन के दौरान किया गया था. अयोध्या में मंदिर निर्माण में उपयोग किए जाने वाले पत्थर तराशने का कार्य अनेक दशकों से जारी है. उन्हीं पत्थरों से मंदिर निर्माण हो, यह हिंदू समुदाय की अपेक्षा है। उसे विश्वास है कि नए बनाए गए ट्रस्ट द्वारा निश्चित रूप से इसे पूरा किया जाएगा। पहली बैठक में ही ट्रस्ट द्वारा वित्तीय और अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। ट्रस्ट को इस त्वरित कार्यवाही के लिए बधाई। अब यह माना जा सकता है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ होगा। उन्होंने कहा कि सांसद असदुद्दीन ओवैसी की उपस्थिति में उन्हीं की पार्टी के प्रवक्ता वारिस पठान जैसे नेता की 15 करोड़ की गीदड़ भवकी का हिन्दूओं पर तो निश्चित ही कोई असर नहीं होने वाला किन्तु हाँ, यदि मुसलमानों ने ऐसे गैर जिम्मेदार गलत नेतृत्व को स्वीकारा, तो उनका सम्पूर्ण समाज ना सिर्फ कटघरे में खडा होगा, वल्कि उनके लिए एक नए खतरे का निर्माण भी करेगा. हिन्दू समाज अपनी सभी चुनौतियों का सामना करने हेतु सक्षम है. हम राज्य सरकार से निवेदन करते हैं कि ऐसे सामाजिक विद्वेष फैलाने वाले जहरीले नेताओं के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे. श्री शरद पवार ने लखनऊ में अयोध्या की मस्जिद के लिए एक ट्रस्ट बनाने का जो अनावश्यक मुद्दा उठाया है, वह उनकी मुस्लिम तुष्टीकरण की स्वार्थी राजनीति तथा समाज में हेतु पूर्वक कटुता फैलाने के एक नए षडयंत्र से इतर कुछ नहीं है. विश्व हिंदू परिषद वर्ष प्रतिपदा (25 मार्च 2020) से श्री हनुमान जयंती (7 अप्रैल 2020) तक देश भर में भव्य रथयात्राओं के साथ देश के 2 लाख से अधिक स्थानों पर श्री रामोत्सव का आयोजन करेगी । नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध में देश भर में कई स्थानों पर हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इनके पीछे कुछ मुस्लिम तुष्टीकरण करने वाले राजनीतिक दल, कम्युनिस्ट पार्टी तथा पी.एफ.आई. जैसे कट्टरपंथी जिहादी मुस्लिम संगठन और मुस्लिम समुदायों का एक बड़ा समूह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है. दिल्ली, चेन्नई, मुंबई इत्यादि जगहों पर जो तथाकथित अहिंसक प्रदर्शन भी हो रहे हैं उनमें जिस तरह से राष्ट्रविरोधी, हिंदू-विरोधी घोषणाएं और भाषण हो रहे हैं, उनसे ऐसा लगता है कि राष्ट्र-विरोधी ताकतें उनके भी पीछे हैं। विश्व हिंदू परिषद ऐसे सभी हिंसक और राष्ट्र विरोधी प्रदर्शनों की निंदा करती है और कानून हाथ में लेने वाले और तोड़ने वाले, सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करती है।विश्व हिंदू परिषद, एक विश्वव्यापी हिंदू संगठन है. धार्मिक रूप से सताए जाने के कारण जिन्होंने भी भारत में शरण ली है, उन सभी अल्पसंख्यक हिंदुओं, जैन, बौद्ध, सिखों के लिए भारत में नागरिकता और सुरक्षा दिलाने में विहिप पूरी तरह से सहयोग करेगा. पूज्य संतो ने भी केंद्र सरकार के C.A.A. सम्बन्धी निर्णय पर उसे बधाई देते हुए उसके सम्बन्ध में सही जानकारी के प्रचार-प्रसार का निर्णय और योजना बनाई है। विश्व हिंदू परिषद आदरणीय संतों के इस प्रचार कार्य में भी पूरी शक्ति से सहायता करेगी। विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित महत्वाकांक्षी हितचिंतक अभियान में, देशभर से 30 लाख से अधिक हिन्दुओं ने सह-भागिता की. 3 लाख से अधिक हिंदू, विश्व हिंदू परिषद से,

अकेले महाराष्ट्र, में शामिल हुए हैं। हमारी आज शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय आत्म-निर्भरता, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में 1 लाख से अधिक सेवा गतिविधियाँ चल रही हैं। महाराष्ट्र में इस सेवा कार्य का विस्तार करने की भी योजना है। कार्य को बढ़ाने और आगामी कार्य योजना तैयार करने के लिए, हर वर्ष विश्व हिंदू परिषद के विभिन्न विभागों (आयामों) की एक केंद्रीय बैठक आयोजित की जाती है। इसी के अंतर्गत, बजरंग दल की दो दिवसीय अखिल भारतीय बैठक 22 फरवरी से चिंचवाड़(पुणे) में होगी। जारी कर्ता : पांडुरंग राउत प्रांत अध्यक्ष विहिप-पश्चिम महाराष्ट्र प्रांत